आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 22.01.2026 समय : 18.30 पीएम

- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा –राज्य सरकार की प्राथमिकता विकास का लाभ समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुँचाना हैं
- प्रदेश में कल से 2 हजार 839 गिरदावर सर्किलों पर ग्राम उत्थान शिविर आयोजित किये जायेगें
- केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना में राजस्थान सहित छह राज्यों की हजार किलोमीटर से अधिक लम्बाई की सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दीं
- प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से आज और कल कुछ स्थानों पर मावठ के आसारं

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार की प्राथमिकता विकास का लाभ समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुँचाना है और इसमें किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगीं वे आज सिरोही में मुख्यमंत्री कसान सम्मान निधि की 5वीं किश्त के वितरण के लिये आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थें मुख्यमंत्री ने कड़े शब्दों में कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों और अशांति फैलाने वालों के खिलाफ सरकार सख्त कार्रवाई करेगीं मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार अपना हर कदम किसानों की भलाई के लिये उठा रही हैं उन्होंने किसानों से ग्राम उत्थान शिविर का लाभ लेने का आग्रह कियां

......................

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से किसान सम्मान निधि की पाँचवीं किस्त हस्तांतरित की और ग्राम उत्थान शिविरों का शुभारंभ कियां कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भर बन रहा है और राजस्थान सरकार उसी विजन पर कार्य कर रही हैं राज्य मंत्री ओटाराम देवासी ने बताया कि सरकार की नीतियों से किसान और ग्रामीण वर्ग को सीधा लाभ मिल रहा हैं

000

प्रदेशभर में कल से 2 हजार 839 गिरदावर सर्किलों पर ग्राम उत्थान शिविर आयोजित किये जायेगें ये शिविर दो चरणों में आयोजित किए जा रहे हैं, जिसका प्रथम चरण कल से 31 जनवरी तक चलेगां इन शिविरों में कृषि और पशुपालन सहित 12 विभागों की सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर मिलेगा और तारबंदी तथा सौर पंप जैसी स्वीकृतियां मौके पर ही जारी की जाएंगीं

000

प्रदेश में कल मेगा पीटीएम का आयोजन होगां इसमें 65 लाख से अधिक अभिभावकों की भागीदारी का लक्ष्य रखा गया हैं स्कूल शिक्षा विभाग के शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने बताया कि मेगा पीटीएम का राज्य स्तरीय कार्यक्रम जयपुर के कॉमर्स कॉलेज में रखा गया हैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इसकी अध्यक्षता करेंगें इस मौके पर ट्रांसपोर्ट वाउचर योजना के तहत साढ़े 4 लाख विद्यार्थियों को 53 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की जाएगीं

इसके साथ ही राज्यभर में 80 हजार बालिकाओं को निःशुल्क साइकिल दी जाएगीं 3 लाख से अधिक बालिकाओं को विभिन्न योजनाओं में डीबीटी लाभ मिलेगां इस अवसर पर विद्यालयों में निपुण मेले भी आयोजित किये जाएंगें इनमें बुनियादी साक्षरता से जुड़ी गतिविधियों, शिक्षण मॉडल और नवाचारों का प्रदर्शन किया जाएगां

000

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में आज जयपुर में स्टेट एम्पावर्ड कमेटी की बैठक में लगभग 50 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को मंजूरी दी गईं इन निवेशों के धरातल पर उतरने से प्रदेश में 13 हजार से अधिक लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगें मुख्य सचिव ने बताया कि ऊर्जा, सीमेंट, खनन और ऑटोमोबाइल सहित विभिन्न क्षेत्रों के इन प्रस्तावों को अब मुख्यमंत्री की अध्यक्षता वाले निवेश बोर्ड के समक्ष रखा जाएगां

000

केन्द्रीय युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि सुरक्षा बल के जवानों का हर कदम देश की सुरक्षा की गारंटी हैं श्री मांडविया आज टोंक जिले के देवली में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल–बैथ के क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र में आयोजित 22वीं पासिंग आउट परेड को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थें उन्होंने कहा कि खेल और सुरक्षा बल एक–दूसरे के पूरक हैं, जो अनुशासन और विजय का जज्बा सिखाते हैं उन्होंने स्पोर्ट्स कोटा से भर्ती होकर 16 सप्ताह का प्रशिक्षण पूरा करने वाले जवानों से देश की औद्योगिक इकाइयों, हवाई अड्डों और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए समर्पित रहने का आह्वान कियां

..................

समारोह को संबोधित करते हुए सीआईएसएफ के महानिदेशक प्रवीण रंजन ने बताया कि बल के इतिहास में पहली बार इतने बड़े स्तर पर खेल भर्ती अभियान चलाकर 324 खिलाड़ियों का चयन किया गया, जिनमें 171 महिला खिलाड़ी शामिल हैं इन नव–प्रशिक्षित जवानों में 18 अंतरराष्ट्रीय और 56 राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी शामिल हैं

उन्होंने जानकारी दी कि लगभग दो लाख की संख्या वाला यह बल अब देश के सभी प्रमुख बंदरगाहों की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी संभालने जा रहा हैं कार्यक्रम में नव–प्रशिक्षित जवानों के परिजन और बल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहें

000

कोटा स्थित वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय का 18वां दीक्षांत समारोह आज आयोजित किया गयां समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि शिक्षा से प्राप्त होने वाली शक्ति अन्य किसी संसाधन से नहीं मिल सकतीं उन्होंने विद्यार्थियों से पाठ्यक्रम के साथ अन्य पुस्तकें पढ़ने का भी आह्वान कियां इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चन्द बैरवा ने कहा कि राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध हैं समारोह में करीब 76 हजार उपाधियां वितरित की गईं और 94 टॉपर्स को स्वर्ण पदक प्रदान किए गए, जिनमें चार कुलाधिपति स्वर्ण पदक छात्राओं ने जीतें

000

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के आज 11 वर्ष पूरे हो गए हैं सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत में बेटियों को लक्ष्मी के समान पूजा जाता हैं उन्होंने कहा कि यह अत्यंत गर्व की बात है कि आज देश की बेटियां हर क्षेत्र में रिकॉर्ड बना रही हैं और राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं देश में लैंगिक असंतुलन और गिरते लिंगानुपात की गंभीर समस्या के समाधान के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22 जनवरी, 2015 को हरियाणा के पानीपत से बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना का शुभारंभ किया थां इस योजना ने सरकार, नागरिक समाज, मीडिया और आम जनता को एक साथ जोड़ते हुए लैंगिक भेदभाव के खिलाफ एक व्यापक अभियान को मजबूती दी हैं बेटी बचाओ, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना ने उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की हैं राष्ट्रीय स्तर पर जन्म के समय लिंगानुपात बढ़कर 930 हो गया है जो वर्ष 2014–15 में 918 थां

000

केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण के अंतर्गत राजस्थान सहित छह राज्यों के लिए 10 हजार किलोमीटर से अधिक लम्बाई की सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दी हैं ग्रामीण विकास मंत्रालय ने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से पहले से अलग–थलग पड़े तीन हजार दो सौ 70 इलाकों को कनेक्टिविटी और आवश्यक सेवाओं तक पहुंच मिलेगीं योजना का उद्देश्य बिना कनेक्टिविटी वाले इलाकों को 62 हजार पांच सौ किलोमीटर की बारहमासी सड़कें उपलब्ध कराना हैं

000

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा है कि भारत का ऐतिहासिक और नैतिक दायित्व विश्व को मर्यादा का बोध कराना है और यह कार्य भाषणों ओर पुस्तकों से नही बल्कि व्यवहार और आचरण के माध्यम से ही संभव हैं डॉ. भागवत डीडवाना–कुचामन जिले के छोटीखाटू में जैन श्वेतांबर तेरापंथ धर्मसंघ के 11वें आचार्य महाश्रमण के सानिध्य में आयोजित मर्यादा महोत्सव को संबोधित कर रहे थें उन्होंने किया कि भारत की परंपरा में सत्य और धर्म को

केवल वैचारिक अवधारणा नहीं बल्कि जीवन पद्धति के रूप में अपनाया गया है और यही उसकी वैश्विक विशिष्टता हैं उन्होंने कहा कि धर्म को भी उसे संदर्भ में देखे जाने की जरूरत हैं

....................

श्री भागवत ने कहा कि आज विश्व जिन संघर्षों, सामाजिक विघटन और अस्थिरताओं से गुजर रहा है, उनके समाधान के लिए केवल तकनीक, पूंजी या सैन्य शक्ति पर्याप्त नहीं हैं आवश्यकता ऐसे नैतिक ढांचे की है, जो मानव व्यवहार को मर्यादा में बांध सकें भारत के पास यह दृष्टि उपलब्ध हैं संघ प्रमुख ने कहा कि किसी भी विचार की सार्थकता तब सिद्ध होती है, जब समाज के श्रेष्ठ लोग उसे अपने जीवन में जीकर प्रस्तुत करते हैं समाज का सामान्य जन उपदेश से नहीं, बल्कि आचरण से प्रेरित होता हैं इसलिए भारत में परंपरागत रूप से आध्यात्मिक और नैतिक जीवन जीने वाले व्यक्तियों को आदर्श माना गया हैं

000

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू ने कहा है कि आमजन तक सूंचनाएं पहुंचाने के लिए आसान भाषा का इस्तेमाल किया जाएं वे आज जयपुर में विभिन्न विभागों के आला अधिकारियों के साथ आयोजित कार्यशाला 'रिफॉर्म–परफॉर्म–ट्रांसफॉर्म और इन्फॉर्म' को संबोधित कर रहे थें श्री जाजू ने  प्रभावी संप्रेषण के अनुभवों को साझा करते हुए केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयोगों के बारे में बतायां उन्होंने कहा कि विश्वसनीयता के साथ सरल भाषा में आमजन से की गई भावनात्मक अपील ज्यादा प्रभावित करती हैं उन्होंने कहा कि सकारात्मक खबरें, सफलता की कहानियां और उपलब्धियां कम शब्दों में इंफोग्राफिक के साथ सोशल मीडिया पर अच्छा प्रभाव डालती हैं कार्यशाला में मुख्य सचिव वी.श्रीनिवास ने कहा कि आमजन तक सूचनाओं के बेहतर संप्रेषण के लिए सभी विभागों को प्रचार–प्रसार के लिए परंपरागत के साथ नए तरीके अपनाने होंगें इस अवसर पर पत्र सूचना कार्यालय की महानिदेशक अनुपमा भटनागर ने इफेक्टिव गवर्नमेंट कम्युनिकेशन पर प्रस्तुति करने देते हुए केंद्र सरकार द्वारा किए गए नवाचारों को साझा कियां

000

प्रदेश में आज पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया हैं सरहदी जिले बाड़मेर और जैसलमेर में दिनभर धूलभरी आंधियां चलने से जनजीवन प्रभावित हुआ, जिससे जीरे की फसलों को नुकसान की आशंका हैं हनुमानगढ़ और पाली में घने बादल छाए रहने से ठंडक बढ़ गई है, जबकि चूरू में तेज रफ्तार शीतलहर का प्रकोप रहां मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि इस विक्षोभ का असर कल और बढ़ेगा, जिससे जयपुर, अजमेर और भरतपुर संभागों में मेघगर्जन के साथ बारिश हो सकती हैं

000

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ने के लिए कल जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में राज्य स्तरीय चित्रकला कार्यशाला का आयोजन किया जाएगां मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य युवा कलाकारों को मतदान के महत्व और लोकतंत्र की मजबूती जैसे विषयों पर अपनी रचनात्मक अभिव्यक्ति का अवसर देना हैं

000